# बनासो में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास मेले का हुआ आयोजन

## 317 अभ्यर्थियों के आवेदन को पंजीकृत किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड के बनासो पंचायत भवन में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास मेला का आयोजन गुरुवार को किया गया। रोजगार मेले का उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी, गिरजा साव, शेख तय्यब के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रोजगार के लिए उक्त मेले में बड़ी संख्या में युवक युवतीयां पहुंचे थें। जिसमें 317 अभ्यर्थियों के आवेदन को पंजीकृत किया गया।

सलेक्टेड अभ्यर्थियों को प्रशिक्षन दिया जाएगा प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। रोजगार मेले में रांची व हजारीबाग के एजेंसी शामिल थे, आनंद बुक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, लॉजिक प्रो कंसलटिंग,एनईएएम एजुकेशनल फाउंडेशन, एमएस सपोर्ट, मां सरस्वती, राधा गोविंद, जीसीएस



मौके पर उपस्थित लोग।

कंप्यूटर, बाजीर स्किल्स, कॉटन ब्लॉसम, के अलावे अन्य एजेंसी शामिल थे। कुल 15 एजेंसीयों द्वारा 317 अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। अलग-अलग कुल 15 ट्रेड के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया था` जिसमें एसएमओ\ईएमओ हेल्थ केयर, लॉजिस्टिक एंड होटल मैनेजमेंट, एसएमओ जो हजारीबाग से आए हुए थे, रांची द्वारा जीडीए एडवांस इमरजेंसी केयर असिस्टेंट, असिस्टेंट क्लर्क एसएमओ, हेल्थ केयर जेडीए, आदि ट्रेडस शामिल था। जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रामगिरी उरांव ने बताया कि ट्रेड के अनुसार योग्यता निर्धारित है वही ट्रेड के अनुसार सलेक्टेड अभ्यर्थियों को 3 से 6 माह तक प्रशिक्षण दिया जाएगा तदोपरांत विभिन्न स्थानों में पदस्थापित कर रोजगार मुहैया करवाई जाएगी। रोजगार मेला कार्यक्रम में बनासो पंचायत मुखिया चंद्रशेखर पटेल, मुखिया निर्मल कुमार, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिव कुमार रमन, जिला समन्वयक जेएसएलपीएस के दीपक कुमार पांडेय, एफटीसी सुनील कुमार, सामुदायिक समन्वयक सुजीत कुमार, गुरु साव, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

एक नजर में

## सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त हवलदार ने एसपी को दिया ज्ञापन

**रामगढ़।** सीआरपीएफ के सेवा निवृत हवलदार पतरातू वस्ती निवासी मनोज कुमार ने एसपी को ज्ञापन दिया है। जिसमें उन्होंने रामगढ़ थाना काण्ड संख्या- 32 / 2022 का अनुसंधान करवाने की मांग की है। एसपी को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि मैं अपनी पत्नी के साथ 20 नवंबर 2022 को बिहटा (बिहार) गया था। मेरा पुत्र सोनू कुमार, उम्र 18 वर्ष घर में अकेला था। 29 नवंबर 2022 को रात्री में मेरे पुत्र ने अपनी मां से फोन से बात किया बताया की 30 नवंबर को मुझे जानकारी दी गई की मेरे पुत्र का शव सीढ़ी से लटका हुआ है। बताया कि उसी दिन 4 बजे रामगढ़ आया तकतक शव को पोस्टमॉर्टम हो चुका था। चौकीदार निरंजन करमाली के आवेदन पर मामला दर्ज हुआ था। बताया कि मैंने मामले में जांचकर्ता से मुलाकात किया। पर मुझे कुछ बताया नही जा रहा है। मृतक के पिता ने बताया कि मेरे पुत्र का फोटो देखने से साफ लग रहा है कि उसकी हत्या का शव को सीढ़ी से लटकाया गया है। एसपी को दिये आवेदन में उन्होंने कहा कि मेरा आपसे नम्र आपसे नम्र निवेदन है कि मामले की त्वरित अनुसंधान करवायें और मेरे पुत्र की हत्या में शामिल लोगों को सजा दिलाएं।

## प्रधान सचिव ने लेक रिसॉर्ट व सर्किट हाउस का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पतरातू।** जी 20 सम्मिट को लेकर झारखंड सरकार के प्रधान सचिव सहित आला अधिकारियों ने पतरातू लेक रिजॉर्ट एवं सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। सम्मिट को लेकर झारखंड सरकार के प्रधान सचिव, निदेशक पर्यटन निदेशालय, सचिव पर्यटन कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग सचिव, पर्यटन एवं योजना सचिव सहित डीसी रामगढ़ तथा एसपी रामगढ़ ने पतरातू स्थित लेक रिजॉर्ट एवं सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। शुक्रवार को पतरातू लेक रिजॉर्ट राज्य के आला अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के प्रधान एवं सचिव की निगरानी का केंद्र रहा। अधिकारियों ने आगामी जी20 सम्मिट को लेकर बड़े ही बारीकी से सभी चीजों का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। वही स्थानीय प्रबंधन समिति एवं प्रशासन को कई दिशा निर्देश भी दिए गए। आगामी जी20 सम्मिट में सुरक्षा से लेकर सुविधा को ध्यान में रखते हुए बहुत ही गहन निरीक्षण इन अधिकारियों द्वारा किया गया। शुक्रवार को इसको लेकर बीडीओ, एसडीपीओ पतरातू एवं पतरातू थाना प्रभारी भी बड़े ही मुस्तैदी नजर आये।

## पेट्रोलियम फ्यूल सेंटर के नाम सर्वाधिक आयल सेल करने का रिकॉर्ड

**छतरपुर, पलामू।** जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत एनएच 98 पर स्थित विजय तारा पेट्रोलियम फ्यूल सेंटर इस जोन का सर्वाधिक आयल सेल करने का रिकॉर्ड बनाया। ज्ञात हो कि छतरपुर से लगभग 8 किलोमीटर घाटी पार करने के बाद चप्रवार नामक स्थान पर स्थित उक्त पेट्रोल पंप 24 घंटा ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण डीजल और पेट्रोल वितरण करने की सेवा उपलब्ध कराती है महज 2 वर्ष की अवधि में पूरे राज्य में दीपू से आईओसीएल के मानक के अनुसार सभी प्रकार के अहर्ता पूरा करते हुए इलाके में डीजल और पेट्रोल बेचने का कार्य कर रही है। जिसमें उक्त पंप के संचालक रवि शंकर कुमार सिंह उर्फ बबुआ जी और उनके साथ इस पंप के संचालन करने में महती भूमिका निभा रहे उनके बड़े पुत्र रजत कुमार सिंह उर्फ बॉबी ने पुरस्कार ग्रहण किया।

## जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने धोबघट गांव में की आमसभा

# ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता : किशुन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत रानीचुआ के धोबघट गांव में जीप सदस्य सह जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव की अध्यक्षता में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ। ग्राम सभा में जिप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव के अलावा स्थानीय मुखिया मूर्ति देवी, मुखिया प्रतिनिधि सह सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र टुड्डू मौजूद थे। आम सभा में कई विषयो पर चर्चा हुई। जहां जीतपुर से धोबघट होते हुए परसातरी तक वन विभाग द्वारा तत्काल मरम्मती कार्य, जंगल क्षेत्र होने के कारण धोबघाट नरसिघ्वा, परसातरी, पिंडवाटोला एवं गिधाटोला तक जगह जगह सोलर लाइट की व्यवस्था, पेयजल समस्या को देखते हुए धोबघट नरसिघवा, परसातरी, पिंडवाटोला एवं गिद्दाटोला में जलमिनार की



धोबघट में मौजूद किशुन यादव व अन्य।

व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था में सुधार करने सहित शिक्षा व्यवस्था के कई विषयो पर चर्चा हुई। मौके पर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर लाभुको में झल्लू सिंह जननी मसोमात, परवा मसोमात, दर्शनी मसोमात, झमन सिंह, फुसन सिंह, भदनी मसोमात, राधनी देवी, ननकी देवी, छोटकी मसोमात, सोतामुनी मसोमात, रामजी मुर्मू, जीबलाल हंसदा, सुरजी मसोमात, उर्मिला मसोमात आदि शामिल है। कार्यक्रम के अंत में वन प्रमंडल पदाधिकारी हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के नाम जीतपुर से धोबघट तक 13 किलोमिटर वनपथ की मरम्मती को लेकर एक संयुक्त रूप से लिखित आवेदन बनाया गया, जिसमें सभी ग्रामीणों ने अपना हस्ताक्षर किया। जिसे जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव वन विभाग को सौपेंगे। इस अवसर पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि प्रखण्ड का सबसे सुदूरवर्ती क्षेत्र धोबघट आज भी मूलभूत सुविधाओं से दूर है। यहां के लोगों को सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा की घोर समस्याओं से गुजरना पड़ता है। लगातार उनके द्वारा जिला में वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है कि यहां के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से दूर है। उनके प्रयास से जल्द ही धोबघट में सडक की मरम्मती कराई जाएगी। मौके पर सुरेश सिंह, तालो टुड्डू, खुपाल सिंह, टेकलाल सिंह, जिबलाल मुर्मू, कामेश्वर सिंह, बासुदेव हंसदा, चिंता देवी, मंजू देवी, संगीता देवी, दिव्या देवी, पार्वती देवी, सरिता देवी आदि उपस्थित रहे।

## 19 सूत्री एजेंडे पर हुई सकारात्मक वार्ता



वार्ता करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को 19 सूत्री एजेंडा को लेकर यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन व प्रबंधन के बीच वार्ता आयोजित हुई। वार्ता के क्रम में प्रबंधन ने सभी एजेंडा पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। वार्ता में परियोजना पदाधिकरी पवन कुमार, कार्मिक प्रबंधक रोबर्ट के अलावे यूनियन के शाखा सचिव जयनंदन महतो, सह सचिव तेतर महतो, सक्रिय सदस्य नागेश्वर मुंडा, दिनेश महतो, सुधीर करमाली, राजकुमार मुंडा, नरेश महतो, कमल मुंडा, दिनेश मिस्त्री अभी मौजूद थे।

# दान-पुण्य कर 15 को मनायें मकर संक्रांति पर्व : राम कुमार पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासल (रामगढ़)।** सूर्य को मकर राशि में प्रवेश करना और सूर्य को उदयन होने का दिन ही मकर संक्रांति का पर्व कहलाता है। उक्त जानकारी देते हुए जवाहर नगर निवासी मां दुर्गा के उपासक पंडित राम कुमार पाठक ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व निम्न बातों को ध्यान में रखकर मनाया जाता है। मकर यदि दिन में प्रवेश करें तो पुण्य काल 5 घंटे पहले ही प्रारंभ हो जाता है। जिसके कारण उस दिन मकर संक्रांति मनाना चाहिए। और यदि मकर रात्रि में प्रवेश कर रहा हो तो दूसरे दिन मकर संक्रांति मनाना



राम कुमार पाठक की फाइल फोटो।

चाहिए। इस वर्ष मकर 14 जनवरी शनिवार रात्रि 3 बजकर 2 मिनट में प्रवेश कर रहा है। इस कारण मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी रविवार को मनाएं। उन्होंने बताया कि इसदिन प्रात काल से 12 बजे दिन के अंदर गंगा नदी, तालाब, कुंआ या सुविधानुसार जहां भी हो स्नान कर भगवान सूर्य को प्रणाम करें। शिव दुर्गा से अपने मंगल कामना के लिए प्रार्थना करें और तिल, चूड़ा, वस्त्र दान करें व तिल खाएं। श्री पाठक ने बताया कि मध्य काल के बाद खिचड़ी खाए व गरीबों को भोजन कराएं। यह पुण्य करने का पर्व है इससे मां दुर्गा आप सबका जीवन मंगलमय रखेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ विद्वानों का मत है कि रविवार के दिन तिल खाना, दान करना वर्जित है। लेकिन शास्त्र का मत है कि किसी पर्व त्योहार या युग आदि तिथि में इस वर्ष का जो महत्व है वह सभी करना चाहिए।

# विकास कार्य को लेकर ग्रामसभा की गयी



अरुण साहू।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत के पिपरा में मुखिया देवकी महतो के अध्यक्षता में विकास कार्य को लेकर ग्रामसभा किया गया।मुखिया श्री महतो ने कहा की बहेरा पंचायत में ग्राम सभा के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के तहत विकास के कार्य कराए जाएंगे।इसके लिए मनरेगा से संबंधित,15 वें वित्त से,विधवा वृद्धा पेंशन, पारिवारिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास, सड़क,पूल-पुलिया, कुआं, चापाकल, गाड़वाल, प्रत्येक घर को नल से जोड़ना और जलमीनार इत्यादि विकास कार्यों को धरातल पर लाने को लेकर प्रस्ताव लिया गया।मौके पर उप मुखिया शिवचंद मुर्मू,पंसस मालती देवी,वार्ड सदस्य नुसरत जहां, अजरुद्दीन अंसारी,जल सहिया नगमा खातून,जेएसपीएल एस गीता देवी, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## पड़वा में वन भूमि पर बन रहा था भवन

**पंडवा पलामू।** पड़वा में वन भूमि का कब्जा कर भवन निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी मिलते ही विभाग के एसीएफ राम सुरत प्रसाद के नेतृत्व एक छापामारी टीम ने पड़वा निर्माण स्थल पर पहुंच कर निर्माण कार्य को बंद कराया। एसीएफ राम सुरत प्रसाद ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ लोगों द्वारा वनभूमि का कब्जा कर अवैध तरीके से दुकान एवं मकान बनाया जा रहा है। आज छापामारी के दौरान वनभूमि में निर्माण कार्य करा रहे शंभू गोस्वामी के साथ दो मजदूरों को पकड़ कर टीम पाटन रेंज आफिस ले गया। इस मौके पर वनपाल पंचम दुबे, वनरक्षी राजु रजक, पंकज कुमार, रोहित कुमार मौजूद थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



कार्यक्रम में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ.अशोक कुमार ने माल्यार्पण करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा प्रेरणा के प्रतिमूर्ति हैं। उनके अनमोल विचार और कही गई बातें युवाओं में जोश फूंकने का कार्य करती है। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम ने छात्रों को विवेकानंद के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को बताया। गणित विभाग के विभागध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि शिकागो विश्व धर्म संसद 1893 में भारत और सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया तो उनके विचारों से पूरा विश्व आकर्षित हुई। उन्होंने भारत की पूरी दुनिया के सामने एक मजबूत छवि प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभिन्न छात्र छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद से जुड़ी रोचक घटनाओं को बताया। बी.ए.सेमेस्टर पंचम वर्ष के छात्र रीशु कुमार ने स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण परमहंस से संबंधित घटनाओं का जिक्र किया। शिक्षा विभाग की विभागध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व को बताया और कहा कि युवा दिवस युवाओं के लिए है जो स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। भारत सरकार ने 1985 में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की घोषणा की। उन्होंने मात्र 39 वर्ष की उम्र में विश्व को विश्व बंधुत्व का संदेश दे दिया। वे हर युवा के लिए एक मिसाल हैं। इस कार्यक्रम के दौरान निबन्ध प्रतियोगिता, क्विज, पेंटिंग का भी आयोजन किया गया।

# पीडीएस दुकान के सामने राशन कार्डधारियों का प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**उंटारी रोड (पलामू)।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र से जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के खिलाफ निर्धारित से कम राशन देने का मामला आए दिन आते रहता है। वैसे यह कोई नई बात नहीं है। निर्धारित से कम राशन देना पूरे जिले के डिलरो की आम बात है। शुक्रवार को करकटा में डीलर (अनुज पासवान) के द्वारा प्रति व्यक्ति 500 ग्राम कम राशन वितरण करने के विरोध में राशन दुकान के पास जम कर हंगामा किया। हंगामे के बाद डीलर द्वारा दुकान बंद कर दिया गया। कार्ड धारकों ने दुकानदार पर आरोप लगाते हुए कहा की फ्री वाला राशन देते है तो पैसे वाला नही देते और पैसे वाला देते हैं तो फ्री वाला नहीं देते, वहीं सितंबर माह का राशन नहीं दिया गया है फिर भी कार्ड में भर दिया है। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य सतेश्व उर्फ गुड्डू मेहता ने बताया की डीलर के प्रति पहले भी मामला आते रहा है परंतु अभी तक कोई विभागिय करवाई नहीं हुआ है। सरकार द्वारा मिले तराजू (कांटा) के बाद भी अलग से तराजू में तौल कर कम राशन वितरण किया जा रहा है, जिसकी लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों को देंगे और अगर उचित करवाई नहीं होता है तो बाध्य होकर हम सभी ग्रामीणों कार्डधारी आंदोलन करेंगे।

## सदर थाना प्रभारी ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान चार गाड़ी के पास इंसुरेंस और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं रहने के कारण जप्त कर सदर थाना में रखा गया।सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों के कागजात देखे जा रहे हैं। इसमें वाहन का पेपर एवं चालक का लाइसेंस महत्वपूर्ण है ।उन्होंने कहा कि नाबालिक बच्चों को वाहन चलाना वर्जित है। इसके बावजूद भी नाबालिक वाहन चलाते पकड़े जा रहे हैं।

# जीवनभर समाजवादी मूल्यों व कमजोर वर्गों के लिए आवाज बुलंद करते रहे शरद जी : गिरधारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भारतीय राजनीति और समाजवाद के स्तंभ, समाजवादी विचारधारा के प्रति समर्पित प्रखर समाजवादी गरीबों, दलितों, पिछड़ों की आवाज भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन पर राजद के झारखंड प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप ने गहरा शोक व्यक्त किया है। दिवंगत आत्म की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए गिरधारी गोप ने कहा कि उनके निधन से मर्माहत हूं। उन्होंने भगवान से शोकाकुल परिवार को धैर्य और साहस प्रदान करने की कामना करते



पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव।

हुए कहा कि आज देश ने समाजवाद का सच्चा प्रहरी खो दिया, जिसका भरपाई कर पाना कठिन है। समाजवादी विचारधारा को मानने वाले गरीब, दलित, पिछड़े सहित समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले भी सभी दुखी हैं। श्री गोप ने कहा कि आज समाजवाद का एक युग समाप्त होने को है। शरद यादव जीवन पर्यंत समाजवादी मूल्यों और कमजोर वर्ग के लोगों की आवाज बुलंद करते रहें। उन्होंने कहा कि शरद यादव एक ऐसे राष्ट्रीय नेता रहे जिन्होंने तीन राज्यों मध्य प्रदेश के जबलपुर, उतर प्रदेश के बदायूं और बिहार के मधेपुरा से लोक सभा में चुन कर गए। गिरधारी गोप ने कहा कि जब-जब समाज के अंतिम व्यक्ति को शासन और सता में भागीदारी की बातें होगी, मंडल आयोग का चर्चा होगा शरद यादव की यादें मानस पटल पर आते रहेंगी।

## हरे रामा हरे कृष्ण के उद्घोष से गूंजा भुरकुंडा बाजार, भक्ति के सागर में डूबे श्रद्धालु

# खोपड़िया बाबा हनुमान मंदिर में 24 घंटे का महाअष्टयाम अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मकर संक्रांति के अवसर पर भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा हनुमान मंदिर में शुक्रवार से 24 घंटे का महा अष्टयाम अखंड- हरिकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इसकी शुरूआत पुरोहित सुरेश उपाध्याय ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर की। पूजा में बतौर यजमान ज्योति बाला शामिल हुईं। पूजा के बाद अखंड-कीर्तन का शुभारंभ हुआ। इसके भक्तों के हरे रमा हरे कृष्ण के भक्ति उद्घोषों से पूरा भुरकुंडा बाजार गूंजता रहा। मौके पर पुरोहित सुरेश उपाध्याय ने बताया कि 24 घंटे से चल रहे अखंड-कीर्तन का 14 जनवरी शनिवार को 11 बजे समापन होगा। इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण



अखंड हरिकीर्तन में शामिल श्रद्धालु।

किया जायेगा। अखंड-कीर्तन को सफल बनाने में गुलाब चंद्र मिश्रा, नागों व्यास, भोला खरवार, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, वृजनन्दन दास, सतीश मोहन मिश्रा, सुभाष राय, नानकु राय, अभिषेक मिश्रा, श्याम किशोर पांडेय, राजेन्द्र प्रसाद, सुखदेव राम, परमजीत सिंह धामी, किशन बंसल, बंटी गुप्ता, किशोर रवानी, विजेंद्र कुमार, रवि सहित दर्जनों लोग जुटे थें।

**स्पीड न्यूज**

## आरके पब्लिक फाइनल में पहुंचा



**गढ़वा।** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के सेमीफाइनल मैच में आरके पब्लिक स्कूल ने ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल को 59 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं सीनियर खिलाड़ी को टीम में शामिल करने पर साउथ प्वाइंट स्कूल को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में 23वें दिन सीनियर वर्ग के सेमीफाइनल मैच में आरके पब्लिक स्कूल में पहले बल्लेबाजी करते हुए तन्मय के नाबाद 42 रन और सच्चिदानंद के 35 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवरों में चार विकेट खोकर 112 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल की टीम निर्धारित ओवर में पांच विकेट खोकर उत्सव के 11 रन के सहयोग से 53 रन ही बना पाई। आरके पब्लिक स्कूल की ओर से आदर्श ने तीन विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार आरके पब्लिक स्कूल के तन्मय को डॉ कुमार निशांत सिंह, प्रतियोगिता के सह सचिव प्रिंस सोनी, मुकेश कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

## 10 बाइक व पांच टेपों पर फाइन

भवनाथपुर। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ने थाना के सामने व कपूरीं चैक पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस व ओवरलोड के वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 10 बाइक एवं 5 टेंपु को पकड़ कर थाना लाने के बाद चालान काटकर फाइन किया गया। थाना के एएसआई अभिमन्यु सिंह ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान लोगों को सुरक्षित चलने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी नहीं बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने आदि की जानकारी दी गई।

## स्टूडियो के मालिक का निधन, शोक



**भवनाथपुर।** पॉपुलर स्टूडियो के मालिक नरेश चंद्रवंशी के निधन पर भवनाथपुर व्यवसायिक संघ की ओर से शोक सभा हुआ। भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईष्वर से प्रार्थना की। साथ ही परिजनों को ढाढस बंधाया और कहा कि हम सभी उनकी कमी की पूर्ति नहीं कर सकते हैं, लेकिन घर वालों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हैं। शोक सभा में भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार गुप्ता, सचिव नवल किशोर प्रसाद, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश आर्य, नवनीत कुमार सिंह, सहित अन्य व्यवसायी उपस्थित थे।

## दिनेश कॉलेज में मनी स्वामीजी की जयंती

गढ़वा। वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट फरठिया, गढ़वा द्वारा संचालित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्वामी विवेकानन्द की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर प्राचार्य श्री सिंह ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन पर विस्तार से चर्चा करते हुए युवाओं को उनके आदर्शो का अनुकरण कर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर वनांचल कॉलेज ऑफ साईंस के प्राचार्य डॉ अरविन्द सिंह, प्राध्यापक जनार्दन, अशोक कुमार यादव, आनन्द चैबे, अभिमन्यु शुक्ला, कमलेश तिवारी, पंकज कुमार सिन्हा सहित बीएड के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानाध्यापक की पत्नी का निधन

**रमना।** प्रखंड के बुलका गांव निवासी पूर्व हेडमास्टर मुशी राम की पत्नी बासमती देवी का निधन हो गया। वह 75 वर्ष की थी। उनके निधन पर मुखिया अनिता देवी, हेडमास्टर उमेश प्रसाद कर्ण, सेवानिवृत शिक्षक राधेश्याम तिवारी, राम मेहता समेत कई लोगो ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

## युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

कोडरमा। तिलैया थाना अंतर्गत मोरियावां में एक युवक फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक की पहचान पिंटू कुमार मोरियावां निवासी के रूप में हुई है। शुक्रवार की सुबह 7 बजे प्रेम प्रसंग को लेकर घर में हुए विवाद के बाद उसने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा लिया। परिजनों ने दरवाजा खोलने की कोशिश की, देर तक दरवाजा नहीं खोला तो दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने पर देखा कि फांसी पर लटका हुआ है। उसके बाद नीचे उतारकर सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज कर युवक को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## एप्रिशिएबल स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस



**जयनगर ।** कटिया परसाबाद स्थित एप्रिशिएबल पब्लिक स्कूल में 17वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर विद्यालय के निर्देशक मुंशी यादव ने किया। विद्यालय के बच्चों के द्वारा नृत्य व संगीत की प्रस्तुति की गई। आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव व प्रखंड प्रमुख अंजू देवी को विद्यालय के निर्देशक मुंशी यादव व सभी शिक्षक एवं बच्चों ने उनका स्वागत किया। वहीं विधायक श्री यादव ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का पवित्र मंदिर है, जहां से प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा तैयार होती है। वहीं विद्यालय के निर्देशक मुंशी यादव ने कहा कि अभिभावकों शिक्षकों एवं छात्रों के सहयोग से विद्यालय ने अपने 17वां वर्ष पूरा किया है। मौके पर प्राचार्य सुशीला एक्का, कमील कुजूर, सकलदेव यादव, रामजन्म सिंह, विकास यादव, उपेंद्र यादव, आरती कुमारी, अगस्तिना मिंझ, संजू कुमारी, गौतम कुमार आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद थे।

# जेपीसी का सक्रिय उग्रवादी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **नक्सल विरोधी अभियान के खिलाफ टंडवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में हथियार के साथ बालेश्वर भुइयां को दबोचा**
- **चतरा एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ शंभु सिंह के नेतृत्व में गठित टीम को मिली कामयाबी**
- **टंडवा व आसपास के क्षेत्र में कोल व्यवसायियों और ठेकेदारों से लेवी वसूलने का प्रयास कर रहें हैं जेपीसी संगठन के लोग**



**गिरफ्तार उग्रवादी के बार में जानकारी देते एसडीपीओ व थाना प्रभारी।**

**टंडवा (चतरा) ।** नक्सली विरोधी अभियान के खिलाफ चतरा एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ शंभु कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टंडवा पुलिस ने जेपीसी संगठन के एक उग्रवादी बालेश्वर राम उर्फ बालेश्वर भुइयां को गिरफ्तार किया।

उसके भारी मात्रा में हथियार और वर्दी बरामद किया है। टंडवा एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि जेपीसी संगठन के लोग टंडवा एवं आसपास के सीमावर्ती थाना क्षेत्र में कोल व्यवसायियों और कंस्ट्रक्शन से जुड़े ठेकेदारों से संगठन के लिए लेवी वसूलने का प्रयास कर रहे हैं।

इस दौरान शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि जेपीसी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन का कुछ व्यक्ति चुंदरु धाम और थापा मोड़ के बीच देखा गया है।

सूचना पर वरीय पदाधिकारी के निर्देश अनुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई एवं चुंदरु धाम के पास से जेपीसी प्रतिबंधित संगठन के सक्रिय उग्रवादी केरेडारी थाना क्षेत्र के मनातू गांव निवासी बालेश्वर राम उर्फ बालेश्वर भुइयां को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से संगठन के लिए ले जा रहे तीन रायफल पिस्टल एक, छह वर्दी, छह पैंट एवं अन्य समानों को बरामद किया गया। ये पूर्व में कई उग्रवादी कांडों में जेल जा चुका है। इस संगठन से जुड़े अन्य उग्रवादियों को चिन्हित किया गया है और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। छापेमारी में टंडवा थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक अभिनव आनंद, अशोक कुमार, भोलानाथ दास और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# बंद खदान से युवक का शव 48 घंटे बाद भी नहीं निकला

## आज टीम फिर करेगी खोजबीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीमंडा शमशान घाट के समीप बंद पड़े पत्थर खदान में गिरने से बीते बुधवार को एक युवक 35 वर्षीय रविन्द्र कुमार मेहता पिता बाबूलाल मेहता नीचेटोला कालीमंडा निवासी की मौत हो गई थी। खदान से शव को निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम शुक्रवार सुबह 9 बजे पंहुच गई। जिसके बाद टीम खदान के पानी में लगभग 10 बजे अपनी तैयारियों के साथ उतरी। टीम ने पूरी मशक्कत के साथ शाम 5 बजे तक खोज-बीन करती रही मगर 48 घंटे बाद भी शव का कुछ पता नही चल पाया। वहीं एनडीआरएफ की टीम ने बताया कि पानी काफी ठंडा है और नीचे मिट्टी (कीचड़) है, जिसमें टीम का सदस्य जब गहरे पानी में जाता है तो नीचे पैर रखने पर पैर मिट्टी में धंस जा रहा है। अपनी मोटर बोट से पानी को हिचकोरा भी मारा मगर बॉडी ऊपर नही आई। आशंका जताई जा रही है कि शव खदान में मिट्टी में कहीं दब गया है। टीम ने बताया कि शनिवार को फिर से शव की खोज-बीन की जाएगी। वहीं खदान के समीप सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठे हो गए थे, जिसे लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से खदान के चारों ओर रस्सी से घेराबंदी कर दी थी ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। एनडीआरएफ के टीम में एसआई. प्रवीण कुमार, एएसआई के.एम अंसारी, हवलदार सुरेंद्र सिंह, विपुल कुमार, अविनाश कुमार, राजनाथ कनौजिया, लालमिक कुमार, अमोद कुमार, संजीव चैधरी, समीर कुमार, राजेश्वर कुमार आदि शामिल थे। वहीं घटनास्थल पर विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, राजद प्रदेश महासचिव रोहित मेहता, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनाथ यादव, समाजसेवी बसंत मेहता, सुजीत मेहता, सीओ अवधेश सिंह, थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान, एएसआई दिलशाद सहित दल-बल के जवान मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल व ऑटो में टक्कर, दो घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जेजे कॉलेज के समीप शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे मोटरसाइकिल और ऑटो की टक्कर में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार चंदवारा ढाब निवासी 30 वर्षीय सावित्री देवी पति भ्रमदेव यादव एवं 16 वर्षिय नितेश कुमार यादव पिता सोबरन यादव एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कोडरमा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही ऑटो ने टक्कर मारकर फरार हो गया। घटना में उक्त दोनों मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए। जिसके बाद आसपास के लोगों के द्वारा घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया, जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है।

**चावल लदा ट्रक पलटा, चालक घायल**

कोडरमा घाटी में चावल लदा ट्रक पलट जाने से ट्रक चालक 35 वर्षीय थानु यादव पिता डेगलाल यादव चैधरीबांध गिरिडीह जिला निवासी घायल हो गया। घायल का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार धनबाद से बिहार जा रही चावल लदे ट्रक घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उक्त हादसा हुआ।

## शरद यादव के निधन पर राजद का मकर संक्रांति कार्यक्रम रद्द

**कोडरमा।** मंडल मसीहा, देश के गरीब, पिछड़े और शोषितो के वरिष्ट नेता, आजीवन समाजवादी नेता और राजद के अभिभावक शरद यादव जी का निधन देश के प्रगतिशील और समाजवादी विचारधारा को मानने वाले लोगों के लिए बड़ी क्षति है। राजद परिवार कोडरमा मर्माहत है और इस दुःख की घड़ी में संपूर्ण समाजवादी परिवार उनके परिजनों के साथ है। शरद यादव जी के निधन से पार्टी में शोक की पीड़ा से हर कार्यकर्ता मर्माहत है। राष्ट्रीय जनता दल कोडरमा पार्टी फोरम के सभी कार्यक्रम को रद्द करने का निर्णय लिया है। राजद द्वारा आयोजित होने वाली 15 जनवरी को मकर संक्रांति सह कार्यकर्ता मिलन समारोह को भी रद्द कर दिया गया है। उक्त जानकारी राजद जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने दी। इधर राजद नेताओं ने शरद यादव के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। शोक प्रकट करने वालों में प्रदेश खान, विजय सिंह, मनोज रजक, शिवनाथ यादव, रोहित मेहता, संजय दास, मो. सरफुद्दीन अंसारी, सुनील यादव, मनोज यादव, राजेश यादव, जावेद, राजद कार्यकताओं एवं प्रदीप यादव, पप्पू यादव, रामबचन यादव, परवेज नेताओं के नाम शामिल है।

# सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना होगा : डीटीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला परिवहन पदाधिकारी भगीरथ प्रसाद की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जीएस पब्लिक स्कूल डोमचांच में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में इसके अंतर्गत छात्रों, शिक्षकों, चालकों, उप चालकों तथा सफाई कर्मियों को सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत कराया गया।

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीटीओ भगीरथ प्रसाद ने कहा कि सड़क पर जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए सभी नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना आवश्यक है। सड़क सुरक्षा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य स्कूल और कॉलेज जानेवाले छात्र/छात्राओं तथा देश के नागरिकों को सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करना है, जिससे देश में सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। वहीं पदाधिकारियों को स्कूल के निदेशक नितेश कुमार, उपनिदेशक नीरज कुमार तथा प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने मोमेंटो व बुके देकर उनका सम्मानित किया गया। मौके पर सभी शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, चालक, उपचालक, सफाई कर्मी आदि मौजूद थे।

# जलमीनार निर्माण में रोक

**अनियमितता बरतने पर जिपस ने निर्माण कार्य पर लगाई रोक**



**भवनाथपुर (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र के मकरी पंचायत के बरवारी गांव में पीएचडी विभाग से नल-जल योजना के तहत निमार्णाधीन जलमीनार योजना में संवेदक द्वारा बरती जा रही अनियमितता उजागर होने पर योजना के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी।

जिपस रंजनी शर्मा ने योजना के निर्माण में लगे मजदूर और साईडिंग सुपरवाइजर राजकुमार राम को योजना के ठेकेदार को विभाग के पदाधिकारी के साथ योजना के स्टीमेट लेकर आने के बाद ही काम लगाने का निर्देश दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर स्थल जांच करने पहुंची जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा को सुनील सिंह, गोरख प्रसाद यादव, विजय तुरिया, अनिल तुरिया, सुनील तुरिया, संजीव तुरिया, शिवकुमार तुरिया, बैकुंठ प्रसाद यादव आदि ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार विभाग की मिलीभगत से योजना में मनमानी तरीके से गुणवता को दरकिनार कर कार्य करा रहा है। जब घटिया कार्य का ग्रामीण विरोध करते हैं, तो तानाशाही रवैया अपनाकर झूठा केस में फंसाने की धमकी देता है। सभी ने कहा कि योजना में बोर 130-35 कराया जा रहा है, वहीं चार फीट के बजाय एक फीट गहरा पाईप डालकर पानी की सप्लाई किया जा रहा है। साथ ही बगल के नाले से निकासी किया गया बालू और निम्न गुणवत्ता वाला गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा, जिससे योजना गुणवता प्रभावित हो रहा है। जबकि मजदूर राजकुमार तुरिया और सरिता कुमारी ने संवेदक पर योजना में काम कराने के बाद मजदूरी नहीं देने का आरोप लगाया। जिस पर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने इसकी लिखित शिकायत जिला परिषद अध्यक्ष और डीडीसी गढ़वा से करके जांच टीम गठित करके निमार्णाधीन योजना की जांच कराने की मांग कही। जिला परिषद सदस्य ने बताया कि भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत मकरी के बरवारी गांव में पीएचडी विभाग ने नल-जल योजना के तहत हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दृष्टिकोण से 14-14 लाख रुपये की लागत से दस जलमीनार का निर्माण करवा रही है। जिसमें संवेदक द्वारा विभाग की मिलीभगत से भारी अनियमितता बरत रही है, जिससे जलमीनार की गुणवत्ता प्रभावित हो रहा है।

## डीसी ने नवाचार की ली जानकारी




**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक कर जिले में संचालित नवाचार गतिविधियों की समीक्षा कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किये। समीक्षा बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने नवाचार गतिविधियों के नामित अधिकारियों व पीएमयू सदस्यों से प्रोजेक्ट रैल, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, नगर परिषद झुमरीतिलैया व कोडरमा प्रखंड परिसर में संचालित लाइब्रेरी कम रीडिंग रूम, प्रोजेक्ट किलकारी, स्वाबलंबी गांव, आयुष्मान भारत, टेलीमेडिसिन, डीईजीएस आदि नवाचार गतिविधियों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक निर्देश दिये।

**एक नजर में**

## हंटरगंज के प्रभात ने सीए में सफलता अर्जित कर क्षेत्र का किया नाम रोशन



**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड स्थित हिरिंग गांव निवासी सह राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह के होनहार पुत्र प्रभात रंजन ने सीए में सफलता अर्जित कर ग्राम, पंचायत,प्रखण्ड एवं जिला का नाम रौशन किया है। शुरू से ही प्रभात रंजन पढ़ाई के क्षेत्र में मेधावी छात्र रहा है ।प्रारंभिक शिक्षा ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल से प्राप्त किया। ग्रामीण क्षेत्र में रह कर कठिन परिश्रम के बल बूते हाई स्कूल की शिक्षा हंटरगंज के राम नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय से प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त किया। तत्पश्चात इंटरमीडिएट की पढ़ाई आनंदा कॉलेज हजारीबाग से प्रथम श्रेणी से सफल हो कर उन्होंने बीकॉम की पढ़ाई रामनारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज हंटरगंज से प्रथम श्रेणी में से पास कर सीए की तैयारी के लिए दिल्ली में कई वर्षो तक कठोर परिश्रम करने के बाद चार्टेट एकाउटेंट बनने में सफल रहे ।इस सफलता से ग्रामीण क्षेत्र में रह कर पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए प्रेणा सौरुप देखा जा रहा है ।वहीं इनके इस बहुमूल्य सफलता पर चतरा सांसद डा सुनील कुमार सिंह, पुर्व विधायक जनार्दन पासवान,सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी मिस्टर वहाजुल हक,हाजी साबिर हुसैन,बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रदेव यादव,राजद प्रदेश महासचिव चंद्रिका यादव वकील खान? हाजी हाशिम अंसारी के अतिरिक्त समाज के प्रबुद्ध लोगों ने ने बधाई दिया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## राज्यसभा सदस्य के प्रतिनिधि ने दिया कंबल



**चतरा।** राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह पंद्रह सूत्री कार्यक्रम समिति के सदस्य हाजी साबिर हुसैन के द्वारा शहर के कई वार्डों समेत अंसार नगर,बिंड मुहल्लह,नौवा टोली ,इस्लाम नगर में सैकड़ों गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा गरीबों के लिए कम्बल की व्यवस्था कराई गई है ।यह कार्यक्रम ठंडे के अनुसार निरंतर जारी रहेगा ।उन्होंने कहा की जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के सीनियर लीडर राहुल गांधी पुरे देश में नफरत छोड़ो भारत जोड़ो का नारा बुलंद कर पद यात्रा कर देश के लोगों को दिलों से जोड़ने का काम कर रहे हैं ठीक उसी तरह पार्टी के नेताओं के द्वारा गरीबों तथा असहाय लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं ।यह उसी कड़ी का एक हिस्सा है ।ऐसे मानवता हित के कार्य करने से नफरत मिटेगी और आपसी भाई चारा को बढ़ावा मिलेगा ।राज्य सभा सांसद के द्वारा यह काम निरंतर जारी रखने का निर्देश है। इस कम्बल वितरण कार्यक्रम में प्रवेज अख्तर,जावेद पप्पू रजा,मो शमीम के अतिरिक्त कई लोगों ने महती भूमिका निभाई।

## विज्ञान प्रदर्शनी का जिप अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**चतरा।** नाजरेथ विद्या निकेतन में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी (बिरजू तिवारी) व विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने विद्यालय के 11वीं कक्षा के प्रथम सत्र परीक्षा के प्रगति पत्र के वितरण तथा विज्ञान प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बच्चों को विशिष्ट ज्ञान तथा अपने पिता के परिश्रम को सफल बनाने का आवाहन किया इससे पहले विद्यालय के बच्चों ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद चतरा के उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी( बिरजू तिवारी) एवं विशिष्ट अतिथि श्री अविनाश कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का स्वागत किया । बच्चों ने प्रार्थना एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत किए ,विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर मेरी ग्रेस ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं शॉल प्रदान कर किया । विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन उपाध्यक्ष जिला परिषद ने फीता काटकर किया । बच्चों के विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उपाध्यक्ष महोदय ने बच्चों के कार्यों की सराहना की । विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक मंडली की भूमिका डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा के शिक्षक श्री संजय पुरी एवं नाजरेथ स्कूल की शिक्षिका एम्मा , शिक्षिका सिस्टर फ्रांसिस्का ने निभाई । हैंड क्राफ्ट में निर्णायक मंडली शिक्षक लुकस ,शिक्षिका जुलियाना कुजूर, एवं लोयला एकेडमी की शिक्षिका अनु अंजलि एक्का ने निभाई । प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यालय प्रशासन की तरफ से सम्मानित किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विनय कुमार एवं सतीश कुमार ने की धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका मिस अर्चना ने की इस अवसर पर काफी संख्या में अभिभावक -गण उपस्थित थे सभी ने विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के कार्यो और परिश्रम की सराहना की ।

## सजधज कर तैयार हुआ बलबल पशु मेला



**गिद्धौर( चतरू)।** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर के समीप बल बल मकर संक्रांति के उपलक्ष में लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला सज-धज कर तैयार हो चुका है मेला का उद्घाटन आज 14 जनवरी को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास के हाथों फीता काटकर उद्घाटन किया जाएगा। जो मुख्य अतिथि होंगे ।साथ ही साथ पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता भी सम्मिलित रहेंगे। आगे बताते चलें कि मकर संक्रांति के उपलक्ष में बल बल में लगने वाला मेला में झारखंड के सटे राज्य बिहार उड़ीसा के साथ-साथ अन्य को राज्यों से लोग मेला देखने पहुंचते हैं और बल बल मेले का आनंद लेते हैं बल बल में गर्म जल कुंड है। जो मुख्य तौर से प्रचलित है। मेला में अनेकों प्रकार के हिंडोला जादूगर बूगी बूगी मौत का कुआं जैसे खेल तमाशा दिखाने वाले भी मौजूद हैं ।और उनके द्वारा बिखरे गए जलवे लोगों को मनमोहित करते हैं। दुधारू जानवर भी अच्छे-अच्छे नस्ल के इस मेला में खरीद बिक्री होती है।

## सड़क सुरक्षा को ले एसडीपीओ ने किया जागरूक



चतरा। सड़क सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निदेर्शानुसार नाजरथ विद्यालय चतरा में जाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार एवं ट्रैफिक के पदाधिकारियों के साथ बच्चों एवं शिक्षकों के बीच विस्तार पूर्वक सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों को बताया एवं सारे बच्चों को जागरूक भी किया गया। साथ ही लोगों को हेलमेट पहनने , ड्राइविंग लाइसेंस लेने के बाद ही गाड़ी को चलाने तथा सीट बेल्ट के उपयोग को बताया गया तथा इसके दुष्परिणाम को भी विस्तार पूर्वक बताया गया। सभी बच्चों एवं शिक्षकों में काफी उत्साह का माहौल देखा गया। लोगों ने आश्वस्त किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का वह अच्छे से पालन करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त के निर्देश पर वाहन चालकों का किया गया नेत्र जांच

**लातेहार।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार जिले के सिकनी कोलयरी अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग लातेहार द्वारा नेत्र जांच शिविर लगाकर वाहन चालकों का नेत्र जांच किया गया। इस दौरान करीब 150 चालकों का नेत्र का जांच किया गया। साथ ही उन्हें सावधानीपूर्वक वाहन चलाने हेतु प्रेरित किया गया।

### जल्द हो डिग्री कॉलेज का निर्माण : अनीता देवी


अनीता देवी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ में डिग्री कॉलेज की शीघ्र स्थापना किये जाने को लेकर जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा है। दिये ज्ञापन में कहा गया है कि बालूमाथ उग्रवाद प्रभावित एवं राज्य के अति पिछड़े प्रखंडों में आता है। यहां के छात्र छात्राएं डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण उच्च शिक्षा से वंचित हो जाते हैं एवं अपने भविष्य के प्रति दिग्भ्रमित रहते हैं। बालूमाथ आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां के छात्र-छात्राओं को डिग्री की पढ़ाई के लिए पचास किलोमीटर से भी अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण बड़ी संख्या में लोग बाहर रहकर पढ़ाई करने में भी सक्षम नहीं हैं। खासकर यहां की बच्चियां इंटर करने के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं। ज्ञात हो कि डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए जमीन आवंटित है एवं नीलांबर पितांबर यूनिवर्सिटी की तकनीकी टीम के द्वारा डिग्री कॉलेज निर्माण हेतु अनुशंसा भी की जा चुकी है। इसके बाद इसपर कार्रवाई नहीं होना दु:खद है। उपाध्यक्ष ने बताया कि डिग्री कॉलेज का निर्माण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में उन्होंने बालूमाथ की जनता से भी सहयोग की अपील की है।

### मां भगवती देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं नव चंडी महायज्ञ 22 से, तैयारी पुरी

**चंदवा।** प्रखंड के बारी पंचायत अंतर्गत रामपुर ग्राम में 22 जनवरी से मां भगवती देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं नव चण्डी महायज्ञ की शुरूआत होगी, जिसको लेकर तैयारी जोरो पर है। 22 जनवरी से 26 जनवरी तक आचार्य पंडित सोनू महाराज के अगुवाई में महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के प्रथम दिन 22 जनवरी को जल यात्रा निर्माणदि कर्म, 23 जनवरी को पंचांग पुजन मंडल प्रवेश, 24 को अग्नि स्थायनादि कर्म, 25 को सवर्ज्ञ छिवाल नगर भ्रमण व 26 जनवरी गुरूवार को प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन समिति के लोगो ने धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### केड़वारी मोड़ का नाम नीलांबर-पितांबर भोगता मोड़ करने का निणर्य

**चंदवा।** प्रखंड के लाधुप पंचायत अंतर्गत दूधी माटी ग्राम में शुक्रवार को ग्रामीणो की आवश्यक बैठक पंसस बुधन गंझू की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में सर्वसम्मति से एनएच-75 से दूधी माटी जाने वाले रास्ता में केरवाड़ी मोड़ का नामांतरण नीलांबर पितांबर भोक्ता मोड़ के नाम रखने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणो ने कहा कि वीर शहीद नीलांबर-पितांबर हमारे समाज के गौरव हैं। हम सभी को उनकी जीवनी से सीखने की जरूरत है। बैठक में फूलचंद गंझू, राजकुमार गंझु, विनोद गंझू, मोहन गंझू, प्रमोद गंझू, समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### उपायुक्त के निर्देशानुसार लोगों को किया जागरूक


जागरूक करते लोग।

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार जिला जनसंपर्क कार्यालय लातेहार के दिशा निर्देश पर यादव कला जत्था ने लोगो को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह के लिए कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की है। जिस क्रम में आज उनके द्वारा धरमपुर मोड लातेहार के समीप में लोगो को अपने मांदर की थाप एवं गायन से संदेश दिया। गाड़ी जब चलाना मोबाइल न चलाना एवं कहा कि जीवन अनमोल है। जिसकी क्षतिपूर्ति नहीं की जा सकती, मोटरसाईकल चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाए, शराब पीकर वाहन बिल्कुल ना चलाये। रंग बिरंगे एवं पारंपरिक परिधान में आयोजक को देखकर लोग उत्साहित होकर उनके सड़क सुरक्षा के संदेश को ध्यान पूर्वक सुने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हुए।

### पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध महुआ शराब को किया नष्ट

**बारियातू।** बारियातू थाना अंतर्गत फुलसू पंचायत मुख्यालय में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में प्रभारी थानेदार दीपक नारायण सिंह ने अभियान चलाकर छपामारी कर ग्रामीणों द्वारा बिक्री की जा रही अवैध महुआ शराब को नष्ट किया। पुलिस ने फुलसू बाजार में अवैध रूप से बिक्री कर रहे महुआ शराब बेचने वाले कई अवैध महुआ शराब को नष्ट किया। साथ ही शराब बिक्री कर रहे ग्रामीणों को खदेड़ा। प्रभारी थानेदार दीपक ने बताया कि फुलसू बाजार में महुआ शराब की बिक्री जाती है। शिकायत के आलोक मे एएसआई बालेश्वर गंझू व आईआरबी चार की महिला पुरुष सशस्त्र बल के साथ फुलसू बाजार में छापामारी की एक सौ लीटर से भी अधिक महुआ शराब को नष्ट किया गया। साथ ही शराब बेचने वाले कई महिला पुरुषों को शराब नही बेचने की चेतावनी देते हुए छोड़ा गया। अवैध महुआ शराब बेचने वाले लोगों से प्रभारी थानेदार दीपक ने कहा यदि आपलोग दुबारा शराब बेचते पकड़े जायेंगे तो निश्चित रूप से आप पर कारवाई की जाएगी।

शिव शनिदेव मंदिर का कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक बैद्यनाथ राम, कहा

# दीन दुखियों की सेवा ही जीवन लक्ष्य होना चाहिए


कलश यात्रा में शामिल विधायक व अन्य।

### विधायक बैद्यनाथ राम ने शिव शनिदेव मंदिर में

शिव शनिदेव मंदिर के तृतीय वार्षिकोत्सव पर मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन कलश यात्रा में लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने शिरकत की एवं कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण किया इसके पश्चात शिव शनिदेव मंदिर में पूजा अर्चना की एवं कहा कि शनि देव कर्म फल दाता हैं उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन में हमेशा सत्यकर्म करने चाहिए, श्री राम ने कहा कि दीन दुखियों की सेवा ही जीवन लक्ष्य होना चाहिए।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** शिव शनि देव मंदिर के तृतीय वार्षिकोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के पहले दिन शुक्रवार को कलश यात्रा से आरंभ हो गई। शिव शनिदेव मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो शहर का भ्रमण करते हुए औरंगा नदी के तट पर पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान ज्योति अग्रवाल पत्नी सोनल अग्रवाल एवं भक्तों ने कलश में जल भरा जिसके पश्चात पुनः कलश यात्रा मंदिर परिसर में पहुंची जहां मुख्य यजमान के द्वारा शनि देव की विधि विधान से पूजा की गई एवं भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर शिव शनि देव मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका, पुजारी मनोज दास, कृष्णा प्रसाद, मुरली अग्रवाल, धीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, प्रवीण कर्ण, विजय प्रसाद समेत भक्तजन उपस्थित थे।

### विधायक ने सूर्य मंदिर निर्माण का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता


जायजा लेते विधायक।

**लातेहार।** चटनाही में औरगा नदी तट पर सूर्यनारायण पूजा समिति की ओर से सूर्य मंदिर का निर्माण का जायजा लेने पूजा समिति के मुख्य संरक्षक व विधायक बैद्यनाथ राम पहुंचे। बताते चले कि विधायक शनि मंदिर के तीसरे वार्षिकोत्सव के मौके पर निकाली गयी कलश यात्रा में भाग लेने औरंगा नदी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मंदिर का भी जायजा लिया। मौके पर मौजूद समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने उन्हें निर्माण कार्य की जानकारी दी। इस दौरान विधायक ने कहा कि यह मंदिर लातेहार जिले के लोगों लिए आस्था व विश्वास का प्रतीक साबित होगा। मंदिर निर्माण होने से लातेहार जिले की समृद्धि बढ़ेगी।

**मंदिर निर्माण में तीन करोड़ रुपए का आयेगा खर्च**

पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मंदिर निर्माण में तकरीबन तीन करोड़ रुपए का खर्च आयेगा। मंदिर के नीचे हॉल होगा और उस पर सात गुंबद होंगे। सबसे उच्चे गुबंद की उच्चाई 81 फीट होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि मंदिर के निर्माण कार्य में समाज के हर के लोग आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। इस दौरान महामंत्री अनिल गुप्ता, मनीष दास, राजेश कुमार अग्रवाल समेत कई लोग मौजूद थे।

### स्टेडियम को विकसित करें सरकार: प्रतुल


स्टेडियम निरीक्षण के क्रम में युवा खिलाड़ियों से मिलते प्रतुल शाहदेव।

**चंदवा।** चंदवा जैसे महत्वपूर्ण स्थल में खेल स्टेडियम की दुर्दशा यह बतलाती है कि सरकार और प्रशासन खिलाड़ियों के लिए संवेदनशील नहीं है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा। श्री शाहदेव ने आगे कहा कि जिस प्रखंड की आबादी करीब डेढ़ लाख होने को है और ऐसे जगह में एक भी स्टेडियम खेलने लायक ना हो जो अपने आप मे सवाल खड़ा करता है। कैसे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखारेंगे जब उनके पास अनुकूल मैदान ही नही होगा। प्रतुल शाहदेव ने इस संबंध में खेल मंत्री, खेल सचिव से मिलकर इसकी सुंदरीकरण और समतलीकरण की मांग करने की बात कही। प्रतुल शाहदेव अपने कार्यक्रम में लातेहार के ग्रामीण इलाके जा रहे थे। इस दौरान जस्टिस एलपीएन शाहदेव कैनवस क्रिकेट टूनामेंट की तैयारियों का जायजा लेने खेल स्टेडियम पहुंचे। तैयारियों में जुटे युवाओं ने खेल स्टेडियम की खामियां को बताई। जिसके बाद प्रतुल शाहदेव ने युवाओं को आश्वस्त कराया है कि अगले वर्ष जब यह टूनामेंट होगा तब यह स्टेडियम खूबसूरत होगा। इस दिशा में जहां कहीं भी जाना पड़ेगा मैं स्वयं जाऊंगा।

### चुंगरु आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक में लटका रहता है ताला

## सुविधा के अनुरूप काम करती है सेविका

➲ शिकायत के बावजूद जिम्मेवार अधिकारियों द्वारा नहीं की जाती कारवाई

खबर मन्त्र संवाददाता


बंद पड़ा चुंगरू आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक।

**बरवाडीह।** शासन भले ही आंगनबाड़ी केंद्रों की दशा सुधारने को लेकर तमाम तरह के निर्देश जारी करते रहती है। बावजूद बाल विकास विभाग की सुस्ती के चलते बरवाडीह प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताला लटक रहता है। गिने-चुने केंद्रों पर मुट्ठीभर बच्चों को बैठाकर केंद्र के संचालन की औपचारिकता जरूर निभाई जाती है। आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका के मनमाने रवैये से केंद्रों पर गर्भवती, धात्री, किशोरी व नौनिहालों की सेहत सुधारने के लिए दिया जाने वाला पोषाहार इन्हें न मिलकर पशुओं का आहार बन गया है।

**महीने में एक दो दिन ही खुलता है केंद्र का ताला**

चुंगरु पंचायत का आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक इसका जीता जागता उदाहरण है। इस केंद्र में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका अपनी सुविधा के अनुरूप ही काम करती है। जानकारी के बावजूद विभाग ऐसे लापरवाह कर्मियों पर कारवाई के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति करती है। यही कारण है कि सेविकाओं की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हो रहा है। केंद्र की मनमानी से अक्रोषित स्थानीय महिलाओं ने बताया कि यह आंगनबाड़ी केंद्र का ताला पूरे महीने में एक दो दिन ही खुलता है। वहीं बच्चों को पोषाहार कभी नहीं मिलता है।

**बच्चों के बीच नहीं बांटा गया स्वेटर**

इधर सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययरत बच्चों के लिए उपलब्ध कराए गए स्वेटर को भी सेविका द्वारा वितरण नहीं किया गया है। जिससे पोषक क्षेत्र की महिलाओं में आक्रोश व्याप्त हैं। शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी जांच कर लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। बताया कि केंद्र बंद होने से बच्चों को निराश होकर घर वापस लौटना पड़ता है। स्थानीय महिलाओं ने जिले के उपायुक्त से मामले की जांच कर उचित कारवाई करते हुए केंद्र को नियमित खुलवाने की मांग की है।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, 24 लोगों पर मामला दर्ज


छापामारी अभियान मे शामिल विद्युतकर्मी।

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा व बारियातू मे कनीय विभाग प्रबंधक तकनिकी विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बालूमाथ संतोष कुमार मंडल ने टीम के साथ विद्युत ऊर्जा चोरी करने वाले पर छापामारी कर 24 लोगों पर मामला दर्ज किया है। विद्युत ऊर्जा चोरी की क्षतिपूर्ति के आधार पर भाट चतरा निवासी बासुदेव साव, बिंदेश्वर साव, यमुना साव, प्यारी साव, उगदेव साव सभी के पिता स्व खिरोधर साव,उमर साव, मेघन साव दोनों का पिता स्व गोखुल साव, सुरेश साव पिता दिनेश्वर साव, बिहारी साव पिता स्व करम साव, उदय यादव, जुगेशवर यादव दोनों का पिता लालदेव यादव, लालदेव यादव पिता स्व गाना महतो, तुलसी महतो पिता स्व जागो महतो, सुखी तुरी पिता स्व अमृत तुरी, राजेंद्र महतो पिता मोहन महतो, शिवनारायण प्रसाद, पूरन साव पिता स्व ईश्वर साव, मनोहर साव पिता स्व बढ़न साव, संतोष साव पिता जगलाल साव, बिराज साव पिता स्व गणेश साव, राजकुमार यादव पिता स्व पूरन यादव, विकास यादव पिता तुलसी यादव, रमेश उरांव पिता सुखदेव उरांव सभी ग्राम भाटचतरा निवासी को विद्युत सम्बन्ध बकाया राशि पर विद्युत काटे होने के बावजूद एल्टी लाईन मे पीवीसी तार से टोका लगाकर अपने घर मे विद्युत ऊर्जा की चोरी करते पकडे गए। छापामारी मे अवैध टोका लगाकर विद्युत ऊर्जा चोरी करते पकडे गए लोगों पर मामला दर्ज कर दिया गया। इधर बारियातू निवासी ललन यादव पिता श्रवण यादव ने अवैध तरीके से बगल से घर के सर्विस तार से अपने फर्नीचर दुकान मे विद्युत ऊर्जा चोरी कर उपयोग करते पकडे गए। छापामारी टीम में रुपनारायण, गुप्तानाथ यादव, रिंकेश कुमार, जितेंद्र यादव, नीरज कुमार शर्मा, अशोक उरांव अन्य कर्मी मौजूद थे।

### राष्ट्रीय युवा दिवस एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन



**लातेहार।** धर्मपुर पथ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि व विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव नरेंद्र पांडे, अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने पूर्व छात्र सम्मेलन के आयोजन का औचित्य क्या है इसे विस्तार से समझाएं और स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी को उद्धत करते हुए इस दिन की महत्व पर प्रकाश डालें, साथ ही स्वामी जी के वसुधैव कुटुंबकम के विचार एवं शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म के सार को बताएं। इसके पश्चात अष्टम वर्ग की छात्रों के द्वारा बूंद बूंद मिलके बने सागर गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसे देखकर कार्यक्रम में पहुंचे सभी पूर्व छात्र एवं अतिथि भाव विभोर हो गए एवं भूरी भूरी प्रशंसा की। वही धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय ने किया। एवं शांति मंत्र के साथ पूर्व छात्र सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके लाल लाल बहादुर राम, शशिकांत पांडे, ओंकार नाथ सहाय, विजय कुमार पाठक, राधेश्याम मिश्रा, रितेश रंजन गुप्ता, विकास कुमार, आलोक कुमार पांडे, गोपाल प्रसाद, अभिनय कुंभकार, रविंद्र पांडे , दीपक कुमार, रविकांत पाठक, गीता कुमारी, पूनम कुमारी, रजनी नाग, उपासना कुमारी समेत विद्यालय के छात्र छात्राओं उपस्थित रहे।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का बैठक संपन्न



**लातेहार।** थाना चौक स्थित वैष्णव दुर्गा मंदिर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का बैठक किया गया। बैठक में डाल्टनगंज से लातेहार आने के दौरान हिंदूवादी युवा नेता अरुण उपाध्याय, आदर्श पाठक एवं पियूष गुप्ता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर उपस्थित सभी लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारन कर उन्हे श्रद्धांजली दी गई। मौके पर उपस्थित झारखंड प्रांत के संयोजक दीपक ठाकुर, पलामू विभाग के संयोजक सूरज कुमार साहू, पूर्व जिला मंत्री बीरेंद्र बजरंग दल के जिला संयोजक सौरभ कुमार साहू, जिला धर्म प्रचार प्रसार विनय कांत पांडे, नंदलाल परसाद, जिला संगठन मंत्री कुलदीप, जिला सह संयोजक आकाश कुमार (गोलू), महुआडांड़ प्रखंड संयोजक बिट्ठू राय, रोहित गुप्ता, आनंद कुमार एवं कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं इसके पूर्व स्वर्गीय अरुण उपाध्याय के परिजन से मिलने झारखंड प्रांत के बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर पहुंचे और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं अरुण उपाध्याय की परिवार ने कहा कि साजिश के तहत हत्या की गई है। अरुण का बॉडी कार से 30 फीट की दूरी में बरामद की गई है और अरुण उपाध्याय की पैर टूटी हुई थी और बेल्ट जींस अलग जगह पाया गया था।

## बारियातू पुलिस ने अफीम तस्कर को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**हेरहंज।** पुलिस अधीक्षक लातेहार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ की तरफ से कुछ लोग मोटरसाईकिल से अवैध अफिम लेकर बेचने के उद्देश से पांकी के तरफ जा रहे है। इस सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के द्वारा एक छापामारी टीम का गठन किया गया छापामारी दल में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी हेरहंज एवं थाना प्रभारी हेरहज तथा हेरहंज थाना के पुलिस पदाधिकारी एंव स्वस्त्र बल को शामिल किया गया। मेराल स्कूल के पास वाहन चेंकिग लगाने हेतु निर्देशत किया गया। चेकिंग के क्रम में दो मोटरसाईकिल 1 काले रंग का हिरो स्पलेंडर मोटरसाईकिल नंबर जेएच 19 डी 4376 जिसके डिक्की से दो किलो अवैध अफिम बरामद किया गया एवं एक अन्य मोटरसाईकिल एफजेड-एस जिसका रजि. नंबर जेएच 13 एच 3033 को भी पकड़ा गया। उक्त दोनो मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में हेरहंज थाना कांड 03/2023 दिनांक 13.01.2023 धारा- 17 (सी) /18 (बी) /22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों में जयराम उरांव उम्र करीब 42 वर्ष पिता राधे उरांव सा. बारा, मुनेश उरांव उम्र करीब 22 वर्ष पिता स्व0 जगेश्वर उरांव सा. लाटू दोनों थाना बारियातु जिला लातेहार को गिरफ्तार किया गया है।

**बरामद समानों की विवरणी**

काले रंग का हिरो स्पलेंडर मोटरसाईकिल रजि. नं. जेएच 19 डी 4376, काले रंग एफजेड-एस मोटरसाईकिल जिसका रजि. नं. जेएच 13 एच 3033, दो प्लास्टिक में रखा एक एक किलो कुल दो किलो अफिम, रियलमी कंपनी का एक स्मार्ट फोन बरामद किया गया है। वहीं छापामारी दल में प्रदीप दास प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी हेरहंज, पुअनि सह थाना प्रभारी शुभम कुमार, पुअनि कैलाश मंडल हेरहंज थाना, आरक्षी 407 छोटू यादव एंव आरक्षी 88 सतीश कुमार दुबे शामिल थे।

## एक नजर में

### मनिका विधायक के भतीजे का शव कुएं से बरामद


मौके पर विधायक समेत आम जनता।

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के भाई मंगरा निवासी मुंद्रिका सिंह के पुत्र कृष्णा कुमार सिंह 35 का शव शुक्रवार को एक कुएं से बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णा सिंह पिछले तीन दिनों से लापता था। वह कई दिनों से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। घर से कुछ दूरी पर सुरेश सिंह के कुएं से सुबह में शव को बरामद किया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बरवाडीह थाने के सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार और धर्मेंद्र सरदार ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। उसकी मौत हत्या है या आत्महत्या इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

### लाइब्रेरी प्रबंधन एवं सलाह समिति की बैठक संपन्न

**चंदवा।** प्रखंड के सेरक पंचायत सचिवालय परिसर में लाइब्रेरी प्रबंधन व सलाह समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया अनीता भगत ने किया। बैठक में पुस्तकालय प्रबंधन व संचालन को लेकर समिति का भी गठन किया गया। मुखिया ने कहा कि पंचायत स्तर पर लाइब्रेरी खुलने से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को काफी लाभ होगा व विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी आसानी से कर पाएंगे। पुस्कालय में अच्छी व ज्ञान वर्धक पुस्तक संग्रह करने की भी बात मुखिया ने कही। मौके पर पंचायत सचिव इसीदोर आइंद, प्रधानाध्यापक निरंजन कुमार, कुमारी अनामिका, विनीता देवी, सुरेश उरांव, सीता देवी, कांति उरांव, शांति देवी, रंजीत उरांव, रीता उरांव, दीप सहाय उरांव, अखिलेश ठाकुर, महेश भगत, संगीता देवी, कर्मवीर ठाकुर समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### गोनिया पचफेड़ा के एक किशोर ने ड्रीम एलेवन के दो कॉन्टेस्ट में एक करोड़ पच्चीस लाख जीता


ड्रीम इलेवन मे जितने वाला संजीत कुमार।

बारियातू। प्रखंड अंतर्गत गोनिया पंचायत के पचफेडा मुहल्ला निवासी प्रमोद साव (सुग्गवा) के एकलौते पुत्र संजीत कुमार ने ड्रीम एलेवन में झारखंड में पहला स्थान प्राप्त कर एक करोड़ रुपये जीत लिया है। संजीत ने बताया कि पिता की धूप में चना बेचने की कड़ी मेहनत को देखकर व अपने मामा को ड्रीम एलेवन खेलते देख मैं भी बीते 2021 से मैं भी ड्रीम एलेवन खेलने लगा। इसी क्रम में बीते 12 जनवरी के भारत बनाम श्रीलंका के द्वितीय वन डे मैच में दस टीम लगाया। जिसमे 49 रुपये वाली टीम में झारखंड में पहला स्थान प्राप्त कर एक करोड़ रुपये तथा 39 रुपये वाली टीम में पच्चीस लाख रुपये जीता हूं। मैं अपनी मां के बैंक खाते से ड्रीम एलेवन खेले है। ड्रीम एलेवन में जितने से पूरे बारियातू प्रखंड में चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतबल रहे कि संजीत अपने गूगल एकाउंट का पासवर्ड भूल गया है जिसके कारण समाचार लिखे जाने तक ड्रीम एलेवन से जीती राशि उसके खाते में नहीं आई है।

### तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा में 27 प्रखंड से सैकड़ो प्रतिभागी लेंगे भाग: अभिषेक केसरी


प्रेस वार्ता में जानकारी देते भाजपा नेता।

**चंदवा।** आगामी 18 से 20 जनवरी तक नेतरहाट में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा को लेकर चंदवा में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए चतरा भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी, लातेहार भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा व चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा में चतरा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत 27 प्रखंडों के 337 पंचायतों से सैकड़ो प्रतिभागी भाग लेंगे। यह स्पर्धा बालक व बालिका दोनों वर्ग में आयोजित किया गया है, जिसको लेकर विशेष रूप से तैयारी की गई है। बालिकाओं के साथ आने वाले अभिभावकों के लिए भी रहने और खाने का प्रबंधन किया गया है। स्पर्धा आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य चतरा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को निखार कर मंच प्रदान करना है। प्रेस वार्ता के मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, जितेंद्र यादव पंकज यादव बबलू सोनी, रिकी वर्मा, सचिव कुमार, मंटू केसरी समेत कई लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर ईसीआरकेयू द्वारा टोरी स्टेशन पर सभा का आयोजन

**चंदवा।** ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन और ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में बरकाकाना ईसीआरकेयू शाखा के युवा समिति टोरी के बैनर तले टोरी स्टेशन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कर्मचारियों ने राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर देशभर में नई पेंशन नीति का विरोध तथा पुरानी पेंशन नीति वापसी के समर्थन में आवाज को वुलंद किया। ईसीआरकेयू बरकाकाना के पुर्व उपाध्यक्ष अशोक कुमार, फेडरेशन के महामंत्री कॉम शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि समस्त केंद्रीय और राज्य सरकार के कर्मचारियों के संगठन के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर 7 जनवरी को राष्ट्रीय संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर का गठन किया है और पुराने पेंशन को लागू करने के लिए रणनीति तैयार किया है। इसी वर्ष सितंबर महीने तक केंद्र सरकार यदि सार्थक पहल नहीं करती है तो संघर्ष को विस्तृत रूप देते हुए आंदोलन की जाएगी। इस मौके पर संगठन मंत्री विकास कुमार राय, रंजित कुमार, धिरज कुमार, विनित कुमार, रवि कुमार, निरज कुमार, राजेश कुमार, टिंकू, संदीप, द्वारिका नाथ, कमलेश, सतेंद्र, सरोज, अखलेशवर महतो, चंद्रप्रकाश, गंगाधर, रंजेश, आलोक, सुशांत, प्रणव बिहारी समेत काफी संख्या में ईसीआरकेयू शाखा के युवा मौजूद थे।

### नि:शुल्क शिविर में पहुंचेंगे राज्य के प्रसिद्ध चिकित्सक

**बालूमाथ।** आरोग्य भारती स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत मीनाक्षी नेत्रालय सेवा संस्थान रांची की ओर से 15 जनवरी रविवार को बालूमाथ शेरेगड़ा रोड स्थित बेसिक स्कूल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली एम्स के सुप्रसिद्ध चिकित्सक अभिषेक कुमार सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ जिन्होंने अमेरिका में रहकर पढ़ाई की है। उनके नेतृत्व में राज्य के कई जाने-माने चिकित्सक आयोजित शिविर में पहुंचेगे और नि:शुल्क जांच करेंगे। जिसमें विकास कुमार गुप्ता चेस्ट स्पेशलिस्ट, डॉ. आशुतोष सिंह मधुमेह और थायराइड स्पेशलिस्ट, अनुपम कुमार सिंह कार्डियोलॉजिस्ट विभाग, चंदन कुमार सिंह दंत रोग चिकित्सक मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए बालूमाथ सीएससी में कार्यरत गुलाम कुरैशी ने बताया की यह पूरी तरह से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर है। यह सेवा भाव के तहत आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### नई बिजली ट्रांसफॉर्मर का किया शुभारंभ


बिजली ट्रांसफार्मर का शुभारंभ करते जिप सदस्य व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड के बड़कादीह पंचायत अंतर्गत स्थित कुरुनखेता गांव में दिन शुक्रवार को मनिका पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह के प्रयास से लगाए गए 25 केवी के बिजली ट्रांसफार्मर का जिप सदस्य बलवंत सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इस गांव में काफी महीनों पूर्व से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब था जिसके कारण लगभग 50 घरों के लोग बिना बिजली के अंधेरे में रहने को विवश थे। बिजली नहीं होने से बिजली से चलने वाली सारी उपकेंद्र बंद पड़े हुए थे यहां रहने वाले लोगों को काफी समस्या हो रही थी। नई ट्रांसफार्मर लग जाने से लोगों ने राहत की सांस लिया। मौके पर मुखिया धनलाल उरांव,युवा नेता सागर कुमार यादव,मुरारी ठाकुर,मनलाल उरांव,समेत गांव के कई लोग उपस्थित थे।

